डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिकविश्वविद्यालय,उत्तरप्रदेश
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांक सं0: ए0के0टी0यू0 / प0नि0का / 2024/1055 दिनॉक 01 जुलाई,2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषयः सत्र 2023–24 के विषम समेस्टर के प्रथम चरण में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं के चैलेंजमूल्यांकन के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित कराना है कि विषम सेमेस्टर 2023–24 की परीक्षा जो दिनॉक 09 / 01 / 2024 से 09 / 02 / 2024 के मध्य आयोजित की गयी थी तथा उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका था। उक्त परीक्षाओं से सम्बन्धित ऐसे छात्र जो अपनी उत्तर–पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने के इच्छुक हैं, की उत्तर–पुस्तिकाएं छात्र के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दी गई है। अतः इच्छुक छात्र / छात्राए अपनी उत्तर पुस्तिका को देखते / जांच करते हुए नियमानुसार दिनांक 01 जुलाई,2024 से 15 जुलाई,2024 तक निर्धारित शुल्क रू0 2500.00 (दो हजार पॉच सौ) मात्र प्रति विषय की दर से ऑन–लाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑन–लाइन चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने से सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का / 2024 / 979 दिनॉक 06 जून 2024 के अनुसार कार्यवाही के उपरान्त ही छात्र / छात्राए चैंलेज मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकेंगे। चैलेंज मूल्यांकन के संबंध में उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या 39298 / 16–1099 / 17 / 2020, दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपरमुख्य सचिव के पत्र संख्याः ई–7443 / 03–जी0एस0 / 2019 (टी0सी0) दिनांक 26.11.2020 एवं विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति–2021 की 68वीं बैठक के मद संख्या 68.13 में लिये गये निर्ण निम्नवत हैः–

- दो विषय विषज्ञों / परीक्षकों द्वारा प्रदत्त प्राप्तांकों का औसत निकाला जाएगा।
- यह औसत अन्तिम रूप से स्वीकृत होगा और अंक पत्र में देय होगा, चाहे वह मूल प्राप्तांकों से कम हों अथवा अधिक।
- यदि औसत और मूल प्राप्तांकों में 20 प्रतिशत से अधिक का अन्तर होता है तब परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गए शुल्क रू0 2500 / – में से रू0 1000 / – धनराशि की कटौती करते हुए शेष रू0 1500 / – परीक्षार्थी को वापस किया जायेगा। शुल्क वापसी हेतु छात्रों द्वारा बैंक विवरण (Account No.,IFSC Code & Bank Name) को भरते समय जांच कर लिया जाए कि उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक विवरण सही भरे गये हैं। यदि छात्र द्वारा गलत बैंक विवरण या किसी अन्य के खाता का विवरण दिया जाता है तो भुगतान में असुविधा के लिए छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

अतः उक्त से अवगत होते हुए चैलेंज मूल्यांकन हेतु इच्छुक छात्र निर्धारित उपरोक्त तिथि तक ऑन–लाइन आवेदन अपने स्तर से भी सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यावाही कराने का कष्ट करे।

नोटः कृपया यह भी सुनिश्चित कर लें कि चैलेंज की प्रत्येक उत्तर–पुस्तिका को दो विषय विशेज्ञयों से मूल्यांकित कराया जाता हैं और उनका औसन अंक कम हो अथवा अधिक, अन्तिम रूप से प्रदत्त किया जाता है। अतः आश्वस्त होने पर ही चैलेंज मूल्यांकन हेतु आवेदन करें।

01/07/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

- प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी,ए0के0टी0यू0,लखनऊ।
- प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार छात्रों का चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा कराने हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
- निदेशक / प्राचार्य, संबंधित संस्थान को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
- जनसम्पर्क अधिकारी, ,ए0के0टी0यू0,लखनऊ।
- स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊको मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक